हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026

06 अव्यवस्था का आलमः 37 डिग्री धूप में सड़क पर...




07 एक साल की उम्र में टूटा पैर, 4 साल तक झेला दर्द





## खबर संक्षेप

### मुनि विमल सागर महाराज ससंघ का मंगल आगमन कल



**सीहोर।** संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य गुरुवर 108 मुनि विद्या सागर महाराज नवाचार 108 आचार्य समयसागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य 108 मुनि विमल सागर महाराज एवम 108 मुनि अनंत सागर महाराज का ससंघ सिध्दपुर नगर सीहोर मे मंगल प्रवेश 14 मार्च को होना है । इसके लिए सकल जैन समाज द्वारा सीहोर प्रवास के लिए तैय्यारी चल रही है । मुनि श्री 108 विमल सागर महाराज का पूर्व नाम ब्रजेशजी जैन था। आपका जन्म 15 अप्रैल 1975 को मध्य प्रदेश के सागर जिले के बरोदिया ग्राम में हुआ। आपके पिता का नाम श्री कपूरचंदजी जैन तथा माता का नाम गोमती बाई जैन है। आपने हायर सेकेंडरी एवं शास्त्री (प्रथम वर्ष) तक शिक्षा प्राप्त की। आपने 28 अप्रैल 1998 को भाग्योदय तीर्थ, सागर (मध्य प्रदेश) में आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के सान्निध्य में ब्रह्मचारी व्रत ग्रहण किया। तत्पश्चात 22 अप्रैल 1999 को सिद्धक्षेत्र नेमावर, देवास (मध्य प्रदेश) में आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज से मुनि दीक्षा प्राप्त कर आप मुनि श्री 108 विमल सागर महाराज के नाम से दीक्षित हुए। आपका जीवन त्याग, संयम, तप और आत्मसाधना से अनुप्राणित होकर जैन धर्म के आदर्शों का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### ब्राह्मण समाज की बैठक कल होगी

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठवें अवतार और भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर बड़े धूमधाम व हर्षो उल्लास से मनाया जाएगा। बैठक की जानकारी देते हुए प्रवक्ता पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि सीहोर क्षेत्र के विप्र जनों द्वारा खजांची लाइन में स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आगामी 14 मार्च शनिवार को रात्रि 8 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी ब्राह्मण बंधु आगामी कार्यक्रम को भव्यता से मनाने के लिए अपने विचार व कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे द्य ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा, सर्व ब्राह्मण हितकारिणी संस्था अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पं. सुदीप व्यास,महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया व कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी विप्र बंधुओ से अपील की है कि बैठक में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें ।

### सबसे ज्यादा टेंशन शादियों वाले घर, होटल-ढाबा दुकानदार भी परेशान, ईरान-इजराइल युद्ध ने जिलेवासियों को दिया टेंशन

# एडवांस गैस बुकिंग का नंबर ठप, ऑफलाइन नंबरों के लिए गैस एजेंसियों पर लग रही भीड़

### एजेंसी संचालिक बोले, टंकियां पर्याप्त, जिन घरों में पहले से एक से दो भरी टंकियां, वह भी लगे जुगत, जिससे बढ़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले भर में रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए पिछले एक-दो दिन किसी बड़ी चुनौती से कम साबित नहीं हो रहे हैं। एक तरफ ईरान-इजराइल युद्ध की खबरों ने लोगों के मन में अनजाना डर पैदा कर दिया है तो दूसरी तरफ गैस कंपनी का आधिकारिक बुकिंग नंबर अचानक बंद होने से उपभोक्ताओं की परेशानी दोगुनी हो गई है। लोग सुबह से ही कॉल लगा रहे हैं, लेकिन नंबर न लगने के कारण घर की रसोई ठप होने की नौबत आ गई है।

शहर के उपभोक्ता राजेश कुशवाह बताते हैं कि वे लंबे समय से इसी नंबर के जरिए घर बैठे सिलेंडर बुक करते रहे हैं, लेकिन अब लगातार प्रयास के बाद भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। राजेश जैसे कईउपभोक्ता इस समय असमंजस में हैं क्योंकि कंपनी या स्थानीय गैस एजेंसियों की ओर से किसी वैकल्पिक नंबर या व्यवस्था की जानकारी साझा नहीं की गई है। माना जा रहा है कि सर्वर डाउन होने या किसी तकनीकी बदलाव की वजह से यह सेवा बाधित हुई है, लेकिन सूचना के अभाव में गैस दफ्तरों पर ऑफलाइन बुकिंग के लिए भीड़ उमडऩे लगी है।

**ऐसे लोगों की वजह से बढ़ी परेशानी :** पड़ताल में चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए जिले के लोग 'पैनिक बुकिंग' करने लगे हैं।

जिन घरों में पहले से ही एक या दो टंकियां भरी हुई रखी हैं, वे लोग भी भविष्य की चिंता में अतिरिक्त सिलेंडर की जुगत लगा रहे हैं। गैस एजेंसी संचालकों का दावा है कि जिले में टंकियों का पर्याप्त स्टॉक है, इसलिए लोग परेशान न हों और बेवजह भंडारण न करें। बेवजह की इस भीड़ ने उन लोगों के लिए संकट खड़ा कर दिया है, जिनकी गैस सच में खत्म हो चुकी है।



#### शादी वाले घरों में मची अफरा तफरी

सबसे गंभीर स्थिति उन घरों में देखी जा रही है जहां वैवाहिक कार्यक्रम चल रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई पर अचानक आई रुकावट और घरेलू गैस की बुकिंग में आ रही दिक्कतों ने खुशियों के माहौल में खलल डाल दिया है। मैरिज गार्डन और कैटरर्स के पास पुराने स्टॉक खत्म हो रहे हैं। एक परिजन ने बताया हमने महीनों पहले शादियों की प्लानिंग की थी, लेकिन ऐन वक्त पर सिलेंडरों की किल्लत ने सारा गणित बिगाड़ दिया। कैटरर्स का कहना है कि अगर सिलेंडर नहीं मिले तो मेहमानों के लिए खाना तैयार करना मुश्किल होगा। फिलहाल उत्सव के बीच लोग संगीत और रस्मों से ज्यादा गैस सिलेंडरों की जुगाड़ के लिए माथापच्ची कर रहे हैं।

#### एजेंसी संचालकों की अपील

स्थानीय गैस एजेंसियों का कहना है कि यह केवल एक तकनीकी समस्या है जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और कालाबाजारी या अनावश्यक भंडारण से बचें। फिलहाल जिले में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। यदि जल्द ही बुकिंग सिस्टम बहाल नहीं होता है तो यह तनाव लगातार बढ़ता जाएगा।

## एलपीजी सिलेंडरों की कालाबजारी को रोकने के लिए एसडीएम ने किया सिलेंडर गोदामों का निरीक्षण

### एलपीजी वितरकों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**सीहोर।** वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण, आयात में हुई रूकावट की देखते हुये पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को की जाए। इसी क्रम में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से आष्टा एसडीएम नितिन टाले, आष्टा थाना प्रभारी तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा एलपीजी वितरकों के साथ बैठक आयोजित की गई और कमर्शियल एवं घरेलू सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि वितरक स्तर पर एलपीजी सिलेंडर की कोई जमाखोरी और कालाबाजारी की स्थिति पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आष्टा के अनेक गैस एजेंसियों के गोदामों का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि ऑयल कंपनी द्वारा अवगत कराया है कि वर्तमान में चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं के अतिरिक्त किसी और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल, बल्क एलपीजी का उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्र, फैक्ट्री आदि को कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई नहीं की जाएगी। इस स्थिति को देखते हुए चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं का आकलन भी किया जा रहा है जिससे कि सुचारू रूप से गैस की आपूर्ति की जा सके। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक सेवाएं जैसे पुलिस, सीआरपीएफ, डिफेंस इस्टेबिलिशमेंट जेल इत्यादि में निर्वाध रूप से कमर्शियल गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु इन संस्थाओं का भी आकलन कराया किया जा रहा है। यह जानकारी मात्र आंकलन सुनिश्चित करने के लिए संकलित कराई जा रही है ताकि इसके माध्यम से आने वाले समय में आपूर्ति की सुनिश्चितता करने हेतु आवश्यक कदम उठाये जा सके।

### नेशनल लोक अदालत कल, जिले में कुल 24 खंडपीठें गठित हुईं

**सीहोर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को देशभर के साथ ही सीहोर जिले में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि, वर्तमान में नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 पराक्राम्य लिखित अधिनियम, क्लेम प्रकरण विद्युत अधिनियम, वैवाहिक विवाद सम्बंधी व अन्य सिविल प्रकरण सहित लगभग 2030 राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये हैं। विद्युत अधिनियम बैंक रिकवरी, जलकर एवं बीएसएनएल विभाग से सबंधित लगभग 14500 पीलिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत के समक्ष रखे गए हैं, जिनकी संख्या लोक अदालत दिनांक को बढ़ना संभावित है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए सीहोर में 09, आष्टा में 05, भैरूंदा में 06, बुधनी में 03, इछावर में 01 एवं उपभोक्ता फोरम में 01, इस प्रकार कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

### गर्मी की दस्तक और हजारों लीटर पानी बर्बाद



**सीहोर।** सीहोर। गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी का संकट भी शुरू हो गया है, एसे में अगर पानी की बर्बादी की जाए तो हालात ओर ज्यादा बिगड़ सकते है। कुछ एसा ही नजारा दुल्हा बादशाह रोड पर देखने को मिला। नपा की पेयजल लाइन लीकेज होने के कारण फब्बारा फूट पड़ा जिस के कारण हजारों लीटर पानी नाले में बह गया। बताया जा रहा है, कि नपा की मुख्य पेयजल लाइन में लीकेज को सुधारने वाल्व खोला गया। जिस के बाद लीकेज ठीक हुआ, तब कही जाकर पानी की बर्बादी रूक सकी।

## भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव मनाया, निकाली शोभायात्रा



**सीहोर।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थांकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव गुरुवार को मनाया गया। इस मौके पर जैन मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। दो दिवसीय महोत्सव के तहत जैन समाज ने शहर में जुलूस निकाला। जिसमें जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह मंदिर में विधि-विधान से भगवान आदिनाथ का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। शांति धारा और विशेष पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेश-भूषा में सिर पर कलश धारण कर चल रहीं थीं। कलश यात्रा के बाद बैंडबाजों और धार्मिक ध्वजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुई वापस इंग्लिशपुरा जैन मंदिर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। धार्मिक आयोजन में पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष राहुल जैन, महामंत्री अंकुश जैन, सह मंत्री नितिन, डीके जैन, कोषाध्यक्ष सतीश जैन, मुकेश पटवारी एवं समाज के वरिष्ठ जन्म उपस्थित रहे।

## शासकीय छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। संचालक श्री सिंह ने बताया कि ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण और प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए विकसित किया गया है। ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) टाइप-I एवं टाइप-III तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस (एनएससीबी) बालक/बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन और उनमें प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की गई है।

### नवरात्रि में सलकनपुर में गूंजेगा जयकारा, प्रशासन की बड़ी तैयारी

# चैत्र नवरात्रिः सलकनपुर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब, कलेक्टर-एसपी ने की पुख्ता तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आगामी चैत्र नवरात्रि में मां विजयासन देवी के दर्शन के लिए सलकनपुर में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने इस बार व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर बालागुरु के और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने सलकनपुर में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य है कि हर भक्त मां के दरबार में सहजता और श्रद्धा के साथ दर्शन कर सके।

बैठक में कलेक्टर ने वाहन खड़े करने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई तथा पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आने-जाने की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन वाहन की व्यवस्था और मेला क्षेत्र में दुकानों को सुव्यवस्थित ढंग से लगाने के निर्देश भी दिए गए।

**मंदिर परिसर में घरेलू गैस सिलेंडर पर रहेगा सख्त प्रतिबंध :** मेला स्थल और मंदिर परिसर में सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी दुकान या होटल में ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखा जाए। यदि कोई दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करता पाया गया तो उसका सिलेंडर जब्त कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी दुकानों में छोटे अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य किया गया है।

**यातायात और वाहनों की जांच पर विशेष निगरानी :** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो। किराये की गाड़ियों के संचालन में परिवहन विभाग द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेगा। निर्धारित किराये से अधिक राशि वसूलने या क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग सुधार के निर्देश :** नवरात्रि के दौरान कई श्रद्धालु बुधनी सहित अन्य स्थानों से पैदल यात्रा कर सलकनपुर पहुंचते हैं। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य अधूरा या क्षतिग्रस्त है, वहां तुरंत सुधार कार्य कर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया जाए।

## मानसिक तनाव व स्वास्थ्य के प्रति जागरुक कराने हुआ कार्यक्रम



**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में छात्राओं के मानसिक तनाव को दूर करने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रोल प्ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न परिस्थितियों पर आधारित रोल प्ले प्रस्तुत किए, जिनके माध्यम से मानसिक तनाव, आपसी संवाद और समस्याओं के समाधान के तरीकों को दर्शाया गया।

कार्यक्रम में एनटीएफ की नोडल अधिकारी डॉ. कालिका डोलस, डॉ. पूजा कश्यप, कु. नूरजहां हाशमी तथा डॉ. मंगला रायबोले उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा तनाव से मुक्त रहने के लिए सकारात्मक सोच, संवाद और सहयोग की भावना को अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## नई मंडी का निर्माण ठप, मारपीट के बाद ठेकेदार ने रोका काम, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# अव्यवस्था का आलमः 37 डिग्री धूप में सड़क पर खड़े किसान, शेड में व्यापारियों का अतिक्रमण

मंडी परिसर में जगह नहीं मिलने से गेहूं और चने की ट्रॉलियों को मोती बिहार कॉलोनी के पास खड़ा कराया जा रहा है। इससे किसानों को भारी असुविधा हो रही है और यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





कृषि ऊपज मंडी में गुरुवार को अव्यवस्थाओं की तस्वीर खुलकर सामने आई। 37 डिग्री तापमान की तपती धूप में किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और वाहनों के साथ सड़कों पर लंबी कतारों में खड़े होकर घंटों तक बारी का इंतजार करते नजर आए, जबकि मंडी के शेडों में व्यापारियों की ऊपज रखी होने के कारण किसानों को खुले आसमान के नीचे खड़ा रहना पड़ा। मंडी परिसर और आसपास की सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के कारण दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रही, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई।

किसानों का कहना है कि मंडी में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उन्हें घंटों तक धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है। मंडी परिसर में जगह नहीं मिलने के कारण गेहूं और चने से भरी ट्रॉलियों को मोती बिहार कॉलोनी के पास खड़ा कराया जा रहा है। इससे किसानों को भारी असुविधा हो रही है और आसपास के क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित हो रहा है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी के शेडों पर व्यापारियों की ऊपज का कब्जा होने के कारण किसानों को अपनी उपज सड़क पर ही रखनी पड़ रही है।

### नई मंडी में नीलामी का वादा, लेकिन व्यवस्था जस की तस

मंडी प्रशासन ने पहले घोषणा की थी कि गेहूं और चने की नीलामी प्रक्रिया नई कृषि ऊपज मंडी राला (पारदीपूरा) में शुरू की जाएगी, ताकि किसानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस मांग को लेकर किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन भी हुआ था। उस समय अधिकारियों ने जल्द नई मंडी में नीलामी शुरू कराने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद अभी तक नीलामी प्रक्रिया पुरानी कृषि ऊपज मंडी में ही जारी है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं और उन्हें घंटों तक कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि नई मंडी में नीलामी शुरू कर दी जाए तो भीड़ और अव्यवस्था दोनों कम हो सकती हैं।

### दो साल बाद भी अधूरी नई मंडी

राला के पारदीपूरा में बन रही नई कृषि ऊपज मंडी का निर्माण कार्य भी बेहद धीमी गति से चल रहा है। करीब दो साल पहले शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अब तक अधूरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार अब तक केवल तीन शेड ही तैयार हो पाए हैं। किसानों के लिए सुलभ शौचालय और ठहरने के लिए भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं का निर्माण भी अभी तक नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी काम अधूरा पड़ा है, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### रंगपंचमी पर मारपीट से ठप हुआ काम

नई मंडी के निर्माण स्थल पर हाल ही में हुई मारपीट की घटना ने पूरे मामले को और उलझा दिया है। जानकारी के अनुसार 8 मार्च को रंगपंचमी के दिन शाम करीब 7 बजे निर्माण स्थल पर ठेकेदार के इंजीनियर सागर और अन्य कर्मचारी केबिन में बैठकर आगे की कार्ययोजना पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान टीन शेड पर पत्थर फेंके जाने की आवाज आई। बताया जा रहा है कि इसके बाद बड़ी संख्या में ारदी समुदाय के लोग और महिलाएं वहां पहुंच गईं और निर्माण कार्य बंद करने की मांग करने लगीं। आरोप है कि इसी दौरान इंजीनियर और कर्मचारियों के साथ लोहे की रॉड और डंडों से मारपीट की गई। इंजीनियर सागर के अनुसार उन्हें बंधक बनाकर पीटा गया, जिससे उनके सिर में तीन से चार टांके आए और शरीर पर कई चोटों के निशान पड़े। अन्य कर्मचारियों को भी चोटें आईं, जिनमें एक कर्मचारी का पैर फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है।

### कार्रवाई का इंतजार

मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने की बात सामने आ रही है। इससे किसानों और संबंधित लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। मंडी सचिव रामदास गोलाई का कहना है कि गेहूं और चने की ज्यादा आवक से जाम की स्थिति बनी। व्यापारियों की शेड में रखी ऊपज हटवाई जाएगी और नीलामी अब मोती बिहार कॉलोनी प्रांगण में कराई जाएगी। नई मंडी का निर्माण फिलहाल बंद है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के बाद काम जल्द शुरू कराकर अप्रैल अंत तक पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

### सुरक्षा नहीं तो काम नहीं

घटना के बाद ठेकेदार ने निर्माण कार्य रोक दिया है। ठेकेदार और कर्मचारियों का कहना है कि जब तक निर्माण स्थल पर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस चौकी की स्थापना नहीं की जाएगी, तब तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया जाएगा। घटना के बाद मजदूर भी काम पर आने से कतराने लगे हैं।

---

## खबर संक्षेप



### कृषि विभाग ने किया बीआरसी केंद्र का शुभारंभ

**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा इछावर तहसील के ग्राम गाजीखेड़ा में जैविक संसाधन केंद्र (बीआरसी) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने किसानों को जैविक खेती के महत्व के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस बीआरसी केंद्र के माध्यम से किसानों को जैविक उत्पाद बाजार की तुलना में कम लागत पर उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे खेती की लागत कम करने में सहायता मिलेगी। बीआरसी केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस जैविक संसाधन केंद्र की उत्पादन क्षमता 45 दिनों में लगभग 300 लीटर जैविक घोल तैयार करने की है। इस केंद्र में कुल 10 प्रकार के जैविक उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इसके केंद्र में किसानों के लिए विभिन्न प्रकार के जैविक उत्पाद तैयार किए जाते हैं, जिनमें EM-2 घोल, देसी कल्प अर्क, दशपर्णी अर्क, फल अर्क, सप्तधन्य अर्क, ह्यूमिक एसिड अर्क, अमिल अर्क, जैविक माइक्रोऑर्गेनिज्म स्लरी, फुल्विक एसिड घोल एवं वायमिल अर्क शामिल हैं। ये सभी उत्पाद प्राकृतिक एवं जैविक विधियों से तैयार किए जाते हैं।

### एमपी टास्क पोर्टल पर 15 से बंद हो जाएंगे आवेदन

**सीहोर।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए MPTAASC पोर्टल को 15 मार्च 2026 से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं, इसलिए वे सभी पात्र विद्यार्थी जो अभी तक आवेदन नहीं कर पाएं है वे 15 मार्च से पहले अपना आवेदन जमा कर दें।

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

---

## कोलार डेम के डूब क्षेत्र की करीब 15 हैक्टेयर से अधिक भूमि पर आरोपी ने अतिक्रमण कर बना लिया था खेत

### वन अमले ने कार्रवाई कर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण



**इछावर।** वन परिक्षेत्र के तहत आने वाली बीट बावड़ियां चोर में पिछले दिनों अज्ञात आरोपी द्वारा करीब 15 हैक्टेयर से अधिक वन भूमि पर अवैध कब्जा कर खेत बनाने का प्रयास किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही गुरूवार को वन अमले ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटा दिया। साथ ही उक्त भूमि में ट्रेक्टर मशीन चलाकर उसे समतल कर दिया गया।जानकारी के अनुसार कोलार डेम से लगी बीट बावड़ियां चोर के कक्ष क्रमांक 311 में पिछले दिनों अज्ञात आरोपी द्वारा करीब करीब 15 हैक्टेयर से अधिक भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया था । इसको लेकर ग्रामीणों ने बावड़ियां चोर वन चौकी के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया था। लेकिन उस समय पर्याप्त बल मौजूद नहीं होने के कारण अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका था। गुरुवार को वन विभाग का अमला भारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचा और कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटा दिया।

इस संबंध में डिप्टी रेंजर दीपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि डेम के डूब क्षेत्र में आने वाली करीब 15 हैक्टेयर भूमि जो पानी कम होने के कारण खाली हो गई थी , उस पर किसी अज्ञात आरोपी द्वारा पिलाऊं चलाकर खेत बनाने की कोशिश की गई थी। इसकी सूचना प्राप्त होते ही वन अमले ने मौके पर पहुंचकर भूमि से अवैध कब्जा हटाते हुए उस समतल कर दिया है।

---

## घर पहुंचे विधायक राय मृतकों और घायलों के परिजनों दी आर्थिक मदद

### दुख की घड़ी में हम लूनिया मोहल्ले के परिवार के साथ खड़े हैंः विधायक सुदेश राय



**सीहोर।** संवेदनशील विधायक सुदेश राय गुरुवार को अचानक लुनिया मोहल्ला स्थित दुर्घटना में हुई बच्चों की मृत्यु और घायल परिजनों की स्थिति से दुखी शोक पीड़ित चौहान परिवार में पहुंच गए।

विधायक सुदेश राय ने घटना को लेकर गहरा दुख प्रकट करते हुए 16 वर्षीय मृतक अमित चौहान और 12 वर्षीय मृतक विवेक चौहान के चित्र के समक्ष उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुदेश राय ने शोक में डूबे विवेक और अमित के परिजनों को 25 हजार 25 हजार और घायल हुए धीरज चौहान एवं विक्रम चौहान को दस दस हजार रुपए की आर्थिक मदद दी और परिजनों से चर्चा कर शासकीय योजना अंतर्गत आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। परिजनों के मध्य विधायक सुदेश राय ने कहा कि पुलिस ने सख्त धाराएं लगाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बोलोरो गाड़ी को भी जप्त किया है आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे और हमेशा परिवार की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। उल्लेखनीय की थाना कोतवाली क्षेत्र के मोती बाबा मंदिर के पास 7 मार्च की रात 11 बजे के दरमियान सड़क दुर्घटना घटित हुई थी दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार चार युवकों को बुलेरो पिकअप के चालक सुनील पिता रंजीत सिह ठाकुर, निवासी हनुमान फाटक कस्बा सीहोर द्वारा टक्कर मार दी गई थी जिससे लूनिया मोहल्ला निवासी अमित चौहान, पिता मुकेश चौहान, उम्र 16 साल -विवेक चौहान, पिता सतीश चौहान, उम्र 12 साल, धीरज चौहान, पिता मुकेश चौहान, उम्र 18 साल, विक्रम चौहान, पिता नरेन्द्र चौहान, उम्र 18 साल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिला अस्पताल सीहोर के चिकित्सकों द्वारा घायल अमित चौहान को परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था वहीं घायल विवेक की हालत गंभीर होने के कारण उपचार के लिए भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था उपचार के दौरान विवेक चौहान की भी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने बोलरो चालक को जेल भेज दिया है और वहां को जप्त किया है।

---

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित

### नागरिकों को योजनाओं की जानकारी, पीएम आवास के हितग्राहियों को दिए बधाई पत्र




**भैरूंदा।** शासन के संकल्प से समाधान अभियान के तहत नगर परिषद भैरूंदा में क्लस्टर स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (द्वितीय चरण) के हितग्राहियों को बधाई पत्र वितरित किए गए तथा अन्य योजनाओं के संबंध में भी नागरिकों को जानकारी दी गई। शिविर में अधिकारियों ने लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, अनुसूचित जाति प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कैलाश धावरे, पार्षद मेहरबान, सिंह ,नितेश पेठारी, मोहम्मद अशफाक मंसूरी और गौरव शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीएमओ आर.पी. भावरे, इंजीनियर केवलराम कुशवाहा, सभी वार्ड प्रभारी एवं नगर परिषद के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

---

## पूर्व विधायक ने बहावलपुरी समाज अध्यक्ष का किया सम्मान



**बुधनी।** बहावलपुरी समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मपाल मदान को बुधनी पंचायत का अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया एवं समाज को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अनेक समाज जन उपस्थित रहे बहावलपुरी समाज के वरिष्ठजनों ने राजेंद्र सिंह राजपूत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमेशा बहावलपुरी समाज को हमेशा अपनत्व दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने समाज के वरिष्ठ स्वर्गीय दुल्हाराम पंजाबी, सुखदेव वर्मा, बद्दू राम याद किया।

### एनसीईआरटी टीम दिल्ली ने किया सामाजिक चेतना केंद्र का निरीक्षण

**सीहोर।** बुधवार को एनसीईआरटी परामर्शदाता ज्योति तिवारी, राज्य शिक्षा केंद्र नियंत्रक डॉ. राजेश दुबे, सहायक नियंत्रक उर्वशी राज शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा विकासखंड सीहोर अंतर्गत ग्राम पाटन एवं झरखेड़ा में संचालित सामाजिक चेतना केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अक्षर साथियों एवं अध्ययनरत नवसाक्षरों से चर्चा की। उन्होंने अक्षर साथी द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा भी की।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरून्दा जिला सीहोर म.प्र.**

क्र./ / अपील प्रकाशन / 2026भैरून्दा दि 12/03/2026

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस न्यायालय मे प्रचलित अपील प्रकरण लोक सेवा के रजिस्टेशन नम्बर FA/445/2303108/2026 अपील RS/445/2303/3/2026 मे सर्वसाधरण को सूचना देकर अबगत कराया जाता है कि अनिलकुमार पिता श्री मुल्लूसिह पॅवार निवासी नगर भैरून्दा दवारा जन्म के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति हेतु सेवा नही दी गई अपील प्रस्तुत की गई है ।तदानुसार प्रकरण मे कुमारी अंशिका पॅवार पिता श्री अनिलकुमार पॅवार निवासी नगर भैरून्दा का जन्म नगर भैरून्दा मे दिनॉक 21/08/2012 शब्दो मे इक्कीस अगस्त सन दो हजार बारह को निवास स्थान वार्ड क 11 पॅडित रविशंकर वार्ड भैरून्दा तहसील भैरून्दा मे हुआ है ।अपने कथन व शपथ पत्र मे वर्णित किया गया है। इस आशय के सूचना पत्र के माध्यम से सभी सूचित हों। किसी को इस संबध मे कोई दावा / आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय मे पेशी दिनाँक 20 मार्च 2026 से पूर्व प्रस्तुत करे ।

अनुविभागीय अधिकारी भैरूंदा

---

बेटी के विवाह में सेवा भारती व शुभम स्कूल परिवार ने दिया सहयोग

## बेटी के विवाह में सेवा भारती व शुभम स्कूल परिवार ने दिया सहयोग

# घरेलू सामग्री भेंट कर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी बेटी को दिया सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवा भावना का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सेवा भारती भैरूंदा परिवार एवं शुभम स्कूल परिवार द्वारा नगर की एक जरूरतमंद बेटी के विवाह के शुभ अवसर पर दहेज स्वरूप आवश्यक घरेलू सामग्री भेंट कर सराहनीय पहल की गई। इस सहयोग का उद्देश्य बेटी के नए जीवन की सुखद शुरुआत सुनिश्चित करना और उसे आत्मसम्मान के साथ ससुराल विदा करना रहा।

भारतीय संस्कृति में बेटी को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। ऐसे में जब समाज के लोग मिलकर किसी जरूरतमंद बेटी के विवाह में सहयोग करते हैं तो यह केवल सहायता भर नहीं रहती, बल्कि समाज में सेवा, संस्कार और संवेदना की भावना को भी मजबूत करती है। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयास से कई जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के जीवन में खुशियों के दीप जलाए जा सकते हैं। ऐसी पहलें समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ ही आपसी सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी देती हैं। कार्यक्रम में माननीय खंड संघ चालक बृजमोहन गौड़, जिला सह कार्यवाह नीरज त्रिपाठी, जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण मालवीय, वसंत अग्रवाल सहित सेवा भारती परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

वहीं शुभम स्कूल परिवार से प्रिंसिपल गौरी जादौन सहित अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता करते हुए बेटी को आशीर्वाद दिया और उसके सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)**

क्रमांक 181 GEM/ स्वा.शा./ 2026 सीहोर दिनांक 11/03/26

// निविदा विज्ञप्ति //

संबधित क्षेत्र के सेवा प्रदाताओ एंव निमार्ताओ से निम्नलिखित कार्य के लिए (GEM) गवर्मेन्ट ई मार्केट से निविदा प्रकिया के माध्यम से दरे आमत्रित की जाती है विस्तृत निविदा कार्य से संबधित समस्त अहर्ताएं एंव आवश्यक दस्तावेज www.gem.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा में भाग लेने की अन्तिम तिथि 27-03-2026 सायं 21:00:00 तक है निविदा मे यदि किसी प्रकार का कोई संशोधन किया जाता है तो वो समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। संशोधन को GeM पोर्टल www.gem.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

| क्र. | निविदा क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/2026/B/ 7342045 | Toilet Cleaner, Acid Based Powder (V2) conforming to IS 13760 (Q4) (AS per Given Specification in Bid | 10,00 लाख रू. | 20000/- रू. | 15 दिवस |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर

### 3 घंटे की सर्जरी से जगी नई जिंदगी की उम्मीद

**एम्स भोपाल में इलिजारोव तकनीक से जोड़ी गई बाएं पैर की हड्डी**

# एक साल की उम्र में टूटा पैर, 4 साल तक झेला दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

बचपन के एक हादसे ने जिस जिंदगी को अपंगता की ओर धकेल दिया था, अब वही जिंदगी फिर से सामान्य होने की उम्मीद जगा रही है। इलिजारोव तकनीक की मदद से भोपाल एम्स के डॉक्टरों ने करीब 3 घंटे तक चली जटिल सर्जरी में बाएं पैर से हड्डी काटकर दाएं पैर में जोड़ दी। मरीज को स्वस्थ करने की प्रक्रिया का ऑपरेशन पांच चरणों में पूरा होगा और पूरी प्रक्रिया तीन साल में पूरी होगी।

जिले के भवानीपुरा थाना कालीपीठ के मरीज हरिओम तंवर 5 साल से अपने पैर को लेकर परेशान है। हरिओम का पैर महज एक साल की उम्र में बाइक से गिरने के कारण बुरी तरह टूट गया था। उस समय हुए उपचार के बाद पैर ठीक तरह से विकसित नहीं हो पाया और धीरे-धीरे दोनों पैरों की लंबाई में करीब 6 इंच



का अंतर हो गया। चलते समय उसे भारी परेशानी होती थी और परिवार इलाज के लिए मुंबई सहित कई बड़े शहरों में भटका, लेकिन हर जगह निराशा ही हाथ लगी। इसी दौरान जिला प्रशासन के प्रयासों से हरिओम का मामला भोपाल एम्स तक पहुंचा। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा की पहल के बाद एम्स भोपाल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक मेहरा और एम्स




अधीक्षक डॉ. विकास गुप्ता के विशेष सहयोग से इलाज की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले चरण में डॉक्टरों ने इलिज़ारोव तकनीक का उपयोग करते हुए करीब तीन घंटे तक ऑपरेशन किया और दूसरे पैर से हड्डी का हिस्सा लेकर दाएं पैर में जोड़ दिया। डॉक्टरों के अनुसार आगे के चरणों में धीरे-धीरे हड्डी की लंबाई बढ़ाई जाएगी, ताकि दोनों पैरों की लंबाई बराबर हो सके और मासूम सामान्य रूप से चल सके।

## पूर्णतः निशुल्क होगा मासूम का इलाज

राजगढ़ कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के प्रयासों ने असंभव को संभव कर बताया है और भोपाल एम्स में 9 मार्च को पहला सफल ऑपरेशन हुआ। इस तरह के 5 चरण होंगे जिनमें 3 साल का समय लगेगा। इसमें एम्स के अधीक्षक डॉ विकास गुप्ता का विशेष सहयोग रहा एवं डॉ प्रतीक मेहरा अस्थि रोग विशेषज्ञ में सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस तकनीक को इलिजारोव तकनीक कहलाता है जो एक जटिल प्रक्रिया है। सिविल सर्जन रजनीश ने बताया कि कलेक्टर मिश्रा के प्रयासों से यह सब संभव हो पाया है जहां पर पूरा इलाज निःशुल्क संभव हो पाया है।

### 5 चरणों में पूरा होगा इलाज

डॉक्टरों के अनुसार यह उपचार एक लंबी प्रक्रिया है। करीब तीन साल में पांच चरणों में ऑपरेशन किए जाएंगे। हर चरण में हड्डी की स्थिति और लंबाई को नियंत्रित तरीके से बढ़ाया जाएगा, जिससे अंत में दोनों पैरों की लंबाई लगभग समान हो सके।

### *क्या है इलिज़ारोव तकनीक*

*इलिजारोव तकनीक ऑर्थोपेडिक सर्जरी की आधुनिक पद्धति है, जिसमें विशेष रिंग और रॉड के जरिए हड्डी को धीरे-धीरे खींचकर उसकी लंबाई बढ़ाई जाती है। जटिल मामलों में यह तकनीक मरीज को सामान्य जीवन जीने का मौका देती है।*

## कृषि विभाग ने पुलिस व हार्वेस्टर संचालकों की बैठक ली



**सारंगपुर।** फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को सारंगपुर क्षेत्र में कृषि विभाग ने पुलिस अधिकारियों और हार्वेस्टर संचालकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में नरवाई प्रबंधन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपुत ने थाना सारंगपुर में बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को नरवाई न जलाने के प्रति जागरूक करना और हार्वेस्टर मशीनों में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य करना था।

बैठकों के दौरान पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में संचालित हार्वेस्टर मशीनों और उनके संचालकों के संपर्क विवरण भी उपलब्ध कराए गए। यह कदम फसल कटाई के दौरान नियमों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में नरवाई प्रबंधन को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**6 किसानों के खेतों में लगी आग दिन में बिजली बंद करने की मांग नहीं तो करेंगे चक्काजाम**

# उदनखेड़ी में शॉर्ट सर्किट से फिर जली 15 बीघा फसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम उदनखेड़ी में बुधवार को एक बार फिर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें करीब 15 बीघा से अधिक गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग से छह किसानों को भारी नुकसान हुआ है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 बजे खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद चिंगारी गिरने से सूखी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से किसान दुर्गाप्रसाद बापूलाल, संजय एवं हरिओम पिता नारायण सिंह, हिम्मत सिंह पिता रामसिंह, बहादुर सिंह पिता रामसिंह और दिवान सिंह पिता चंदरसिंह के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी है और कटाई का दौर चल रहा है। खेतों में फसल सूख चुकी होने के कारण अब सिंचाई की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद दिन के समय बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे बिजली लाइनों में शॉर्ट सर्किट होकर बार-बार आग लग रही है। किसानों का कहना है कि जब फसलों को पानी की जरूरत थी तब रात में बिजली दी जाती थी, लेकिन अब जरूरत नहीं होने पर दिन में बिजली दी जा रही है, जिससे नुकसान हो रहा है। जनपद सदस्य शांतिलाल नागर ने किसानों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यदि बिजली आपूर्ति का समय नहीं बदला गया तो शुक्रवार से क्षेत्र के किसान चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

किसानों के अनुसार उदनखेड़ी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। 7 मार्च को पूर्व जनपद अध्यक्ष नंदलाल नागर और लक्ष्मीनारायण नागर के खेतों में करीब 30 बीघा फसल जल गई थी। 8 मार्च को दुलीचंद सेन पाटक्या के खेत में 3-4 बीघा फसल जली, जबकि 9 मार्च को भ्याना रोड पर किसान रामचंद्र सेन के खेत में भूसा और पराली आग की चपेट में आ गए थे। मामले में एसडीएम रोहित बम्होंरे ने कहा कि यदि पंचायतों के माध्यम से किसानों का आवेदन प्राप्त होता है तो बिजली आपूर्ति का समय बदलने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएंगे। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

**साइड मांगने की बात पर रॉड से की गई थी हत्या**

# हत्या के आरोपी को वारदात के 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दो दिन पूर्व खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत वाहन की साइड मांगने की बात पर पिकअप वाहन चालक ने रॉड से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। खिलचीपुर पुलिस ने वारदात के 24 घंटे में हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

9 मार्च को खुजनेर थाने के ग्राम सिरोजी निवासी भगवान सिंह राजूपत उम्र 60 वर्ष अपने दामाद मनोहर सिंह राजपूत को सांस की बीमारी के इलाज के लिए कार से झालावाड़ ले जा रहे थे। इस दौरान दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दोनों जैसे ही खिलचीपुर बस स्टैंड के सिटी पोर्सन पर पहुंचे तब वहां जाम के हालात बने हुए थे। ऐसे में ससुर (भगवान सिंह) ने दामाद को जल्द अस्पताल पहुंचाने जाम खुलवाने



का प्रयास किया। इस दौरान एक पिकअप वाहन चालक से उनका विवाद हो गया।

पुलिस के अनुसार पिकअप चालक कैलाश तंवर निवासी ग्राम राजपुरा नशे की हालत में था और उसने बगैर कुछ सोचे समझे भगवान सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसके बावजूद भगवान सिंह दामाद को झालावाड़ लेकर पहुंचे जहां उनके सिर से निकले अत्यधिक खून के चलते बाद में उनकी मौत हो गई। खिलचीपुर पुलिस ने हत्या के आरोपी कैलाश तंवर को अंततः गिरफ्तार कर लिया है।

**आंदोलन की राह अपनाने की ओर अतिथि शिक्षक**

# पूर्व सीएम की घोषणा पूरा करने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी भोपाल में अतिथि शिक्षकों की एक महापंचायत बुलवाई थी। इस महापंचायत में चौहान द्वारा घोषणा की गई थी कि सभी अतिथि शिक्षकों को नियमित कर दिया जाएगा। लेकिन, उक्त घोषणा पर वर्तमान सरकार ने अमल नहीं किया है।

इसी बात से आक्रोषित जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम बुधवार दोपहर एसडीएम निधि भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की बात तो दूर बल्कि पूरे प्रदेश में



करीब 10 हजार अतिथि शिक्षकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। अगर शासन ने अतिथियों को नियमित नहीं किया तो जल्द ही भोपाल में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर संगठन जिलाध्यक्ष जगदीश दांगी, संरक्षक रामचंद्र नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र नागर, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, हेमंत नागर, पंकज कुशवाह, बजरंग चौहान, सलीम अंसारी, प्रहलाद रुहेला, लक्ष्मण वर्मा, अनारसिंह तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

**किसान कहीं और का जमीन कहीं और की**

# रबी फसल उपार्जन हेतु फर्जी किसान का किया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सरकार द्वारा रबी फसल के उपार्जन के लिए पंजीयन कराने किसानों को सूचित किया। पंजीयन के लिए प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था एवं ऑनलाइन के माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए रबी फसल का पंजीयन करवाना सुनिश्चित किया है। पंजीयन में संबंधित किसान की समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक खाता सहित कृषि भूमि की नकल अनिवार्य की गई है ताकि कोई फर्जी रूप से संबंधित किसान की कृषि भूमि पर बोई रबी फसल के लिए पंजीयन नहीं करा सके।

संबंधित कृषक ही रबी फसल के उपार्जन हेतु पंजीयन की पात्रता रखता है। लेकिन, राजगढ़ जिले में बड़े पैमाने पर फर्जी किसानों का पंजीयन होने की बात जनचर्चा में है। इतना ही नहीं मंदिर की कृषि भूमि जिसके व्यवस्थापक कलेक्टर हैं और संबंधित मंदिर के पुजारी साधु संत उक्त जमीन की फसल या फसल के लिए पंजीयन करा सकता है, किंतु उसमें भी माफियाओं ने अपना कब्जा कर लिया। हाल ही में हमारे संवाददाता को ऐसा ही मामला संज्ञान ने आया। सारंगपुर तहसील के ग्राम बालोड़ी ख्बिलोड़ी मठ श्रीराम मंदिर बालोडी मठ नरसिंह मंदिर के नाम से कुल किता 9 एवं 8,543 हेक्टर कृषि भूमि जो कि व्यवस्थापक कलेक्टर राजगढ़ के नाम अंकित होकर महंत सुखराम दास त्यागी महाराज के अधिपक्त में है। उक्त जमीन की आमदनी मंदिर की पूजा एवं संत सेवा में काम आ रही है। उसी भूमि का फर्जी तरीके से प्राथमिक कृषि सहकारी समिति कोठारी कला तहसील नरसिंहगढ़ में फर्जी किसान एवं सोसायटी की मिली भगत से रबी फसल के लिए पंजीयन कर दिया गया। इसकी जानकारी संबंधित मंहत को लगी तो उनके द्वार उक्त मामला संवाददाता को बताया उनके द्वारा संबंधित पटवारी राधेश्याम भिलाला एवं तहसीलदार आकाश शर्मा को जानकारी दी तथा पंजीकृत संस्था कोठारी कला के प्रबंधक से संपर्क किया तो उनका कहना था कि पोर्टल की गड़बड़ी है। वहीं दूसरी और तहसीलदार द्वारा उक्त मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर जिला स्तर पर सूचना दी।

### *इनका कहना है...*

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में आने के बाद डीएसओ को पत्र लिखा है। जल्द ही निरस्त कराया जाएगा।*

*आकाश शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर*

# शीतला माता को लगाया ठंडे बासी भोजन का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

भारतीय संस्कृति सनातन से चली आ रही परंपराओं और हिंदू धर्म के त्योहारों का जहां अपना अलग महत्व है। वहीं इन परंपराओं का बखूबी निर्वहन हिंदू समाज द्वारा किया जाता है। उसी कड़ी में शीतला सप्तमी पर शीतला माता को ठंडा एवं बासी भोजन का भोग लगाकर पूजा अर्चना का एक विशेष महत्व है। नगर के माताजी मोहल्ला स्थित शीतला माता का एक मात्र मंदिर है जहां पर सभी समाज की महिलाओं द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ माता रानी को ठंडे बासी भोजन का भोग लगाया गया। परंपरा के अनुसार होली के दूसरे दिन से महिलाएं प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना



एवं जल चढ़ाने माताजी ठंडी करती है। सप्तमी के पूर्व की रात्रि में महिलाएं स्नान करने के उपरांत चौक चुला रसोईघर को शुद्ध करके शीतला माता को लगने वाला भोग भोजन तैयार करती है तथा रात्रि 12 बजे उपरांत माता रानी को भोग एवं पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचती है जहां यह भोजन अर्पित किया जाता है। माताजी मोहल्ला स्थित मंदिर परिसर में नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था की गई तथा चुड़ी गली से मंदिर तक मेटी और कारपेट बिछाए गए। साथ ही मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। मंदिर परिसर में रात्रि से ही पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद के कर्मचारी तैनात रहे। जहां देर रात से बड़ी संख्या में महिलाएं कतारों में पहुंचकर माता शीतला की पूजा-अर्चना कर भोग लगाती रहीं।

## लाडली बहनों को भेजे जा रहे हैं पोस्टकार्ड

**विदिशा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में एक नवाचार किया गया है। फरवरी 2026 में 575 महिलाओं के खातों में डीबीटी सक्रिय न होने, खाता बंद होने या अन्य तकनीकी कारणों से योजना की राशि नहीं पहुंच पाई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में अब इन महिलाओं को पोस्टकार्ड भेजकर भुगतान असफल होने के कारणों की जानकारी दी जा रही है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा सारंगपुर पहुंची, कई स्थानों पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अखंड भारत के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में निकाली जा रही एकता यात्रा बुधवार को आगर होते हुए सारंगपुर पहुंची। यह यात्रा गुजरात के पूर्व गृहमंत्री गोवर्धनभाई झड़पिया के नेतृत्व में 5 मार्च को अहमदाबाद से गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल द्वारा रवाना की गई थी। झाबुआ से मध्यप्रदेश में प्रवेश करने के बाद यात्रा विभिन्न शहरों से होती हुई सारंगपुर पहुंची।

नगर में यात्रा का जयनगर चौराहे से स्वागत प्रारंभ हुआ। यह इंदौर नाका, पुराना बस स्टैंड, नया महाराणा प्रताप चौराहा, नया बस स्टैंड, एबी रोड और परशुराम चौराहा होते हुए अकोदिया नाका स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। सभा में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गुजरात से आए एकता यात्रा के पदाधिकारियों का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सतीशभाई पटेल, मनुभाई पटेल, जीबी पटेल, रमेशभाई पटेल, रामभाई पटेल और बाबूभाई का भी सम्मान किया गया। डॉ. टेटवाल ने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी और पहले गृह मंत्री थे। उन्होंने आजादी के बाद



560 से अधिक रियासतों का विलय कर देश को एकता के सूत्र में पिरोया, इसलिए उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर एवं ठंडाई पिलाकर यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ धुरव भल्ला, ओम पुष्पद,मानसिंह पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, महेश पाटीदार सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**उत्कृष्ट कार्यों पर 50 से अधिक महिलाओं का भी हुआ सम्मान**

# बाल-विवाह मुक्त 20 पंचायतों के प्रतिनिधि किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा युवा विकास मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार रात्रि एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल-विवाह मुक्त 20 पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को विभाग ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की मुख्य थीम गिव टू गेन (दान से लाभ) पर विशेष चर्चा की गई।

इस थीम के माध्यम से लैंगिक समानता के लिए सहयोग, समर्थन और संसाधनों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई, अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर महिला पुलिस बल, परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षकों सहित कुल 50 महिलाओं को




सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, महिला नेत्री अनीता दुबे, मोना सुस्तानी, विभाग के डीपीओ श्याम बाबू खरे, युवा विकास मंडल संस्था प्रबंधक राजेंद्र मेवाड़ा, प्रिया चांडक, राजाराम, अंकित सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं रूपरेखा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रश्मि चौहान द्वारा प्रस्तुत की गई।

### *महिला सशक्तिरण विषय पर हुई विस्तृत चर्चा*

*कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता, महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित और समान वातावरण निर्माण जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।*

## खबर संक्षेप

### बालिका सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा सीहोर जिला पंचायत सभाकक्ष में बालिका सुरक्षा जागरूकता विषय पर सीहोर जिले के सभी स्कूल प्राचार्य, वरिष्ठ महिला शिक्षकों और मास्टर ट्रेनर्स की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने बताया कि बच्चों को जागरूक करने के लिए उन्हें साइबर क्राइम और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से अवगत कराना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बच्चों से इस प्रकार का व्यवहार रखना चाहिए कि यदि उनके साथ कुछ गलत हुआ है तो अपने माता-पिता या शिक्षक को आसानी से बता सकें। इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति की स्वाति श्रीवास्तव ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 12 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 185 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। यह कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### जैन मंदिर में समाजनों ने धूमधाम से मनाई आदिनाथ भगवान की जयंती

# जयघोष व भजन-कीर्तन के साथ निकाली प्रभातफेरी, मस्तकाभिषेक करने लगी होड़

मुनि विश्वसूर्य सागर महाराज ने कहा महान आत्माओं के जन्म दिवस मनाने से जीवन में शांति आती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री ऋषभदेव आदिनाथ भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक महामहोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुए। यह आयोजन परम पूज्य वात्सल्य रत्नाकर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर जी महाराज एवं मुनिश्री साध्य सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में आयोजित किए गए। स्वस्ति बहुमंडल द्वारा गोद भराई एवं भगवान को पलना झुलाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दिगंबर जैन समाज के लिए भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक अत्यंत पावन और पुण्यदायी पर्व माना जाता है। इस अवसर पर समाजजनों ने बड़े उत्साह और भक्ति भाव से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में चैत्र कृष्ण अष्टमी को सायं 7:30 बजे किला मंदिर परिसर में माता वामा देवी की पारंपरिक गोद भराई का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री स्वस्ति बहू मंडल के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष स्वाति जैन श्रीमोड ने बताया कि वर्षा पंकज जैन केतलाय वाले की गोद समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भरी गई। कार्यक्रम का मंगलाचरण भी स्वस्ति बहू मंडल द्वारा किया गया तथा महिलाओं ने मंगलगीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद गुरुवार को प्रातः 6 बजे नगर के प्रमुख मार्गों से भजन-कीर्तन और भगवान आदिनाथ के जयघोष के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। जयकारों और भक्ति गीतों के साथ निकली प्रभातफेरी से नगर का वातावरण धर्ममय हो गया। इस अवसर पर नगर के समस्त जिनालयों में ध्वजारोहण भी किया। तत्पश्चात किला मंदिर में विराजमान पूज्य मुनि श्री साध्य सागर महाराज के मुखारविंद से नदिया वाले अतिशयकारी बड़े बाबा आदिनाथ भगवान का स्वर्ण कलशों से मस्तकाभिषेक कराया गया। प्रथम अभिषेक का सौभाग्य दिलीप -राहुल सेठी परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम शान्तिधारा का लाभ अरुण कुमार-अमित कुमार जैन श्रीमोड परिवार ने तथा द्वितीय शान्तिधारा का लाभ धर्मेन्द्र कुमार-यतेंद्र कुमार श्रीमोड परिवार ने प्राप्त किया। इस दौरान पूज्य मुनि श्री के श्रीमुख से बीजाक्षर महामंत्रों का वाचन भी किया गया। धर्मसभा में प्रवचन देते हुए मुनि श्री साध्य सागर महाराज ने कहा कि तीर्थंकर की माता को सोलह शुभ स्वप्न आते हैं, जो उनके गर्भ में महान आत्मा के आगमन का संकेत देते हैं। चैत्र कृष्ण नवमी के शुभ दिवस पर अयोध्या नगरी में माता मरुदेवी की कोख से बालक आदि कुमार का जन्म हुआ था। तीर्थंकर के जन्म से संपूर्ण पृथ्वी पर मंगलमय वातावरण छा जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान आदिनाथ ने ब्राह्मी लिपि के माध्यम से समाज को शिक्षा दी तथा असि, मसी और कृषि के माध्यम से जीवन जीने का मार्ग बताया।मुनि श्री ने कहा कि प्रतिदिन भगवान का अभिषेक और शान्तिधारा करने के साथ अपने मन को संयमित करना और कषायों से दूर रहना आवश्यक है। तभी अभिषेक करना सार्थक होगा। मनुष्य अपने परिणामों को संभालकर अपने भाग्य का निर्माण कर सकता है। मुनि श्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हम सभी आज एक महान आत्मा का



जन्म महोत्सव मना रहे हैं। ऐसी भावना रखनी चाहिए कि हमारी आत्मा भी रत्नत्रय के मार्ग पर आगे बढ़े और परमात्मा बनने की दिशा में अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि महान आत्माओं के कल्याणक मनाने से जीवन में शांति प्राप्त होती है और उनके गुणों का स्मरण करने से मन के भाव निर्मल होते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत बालक आदि कुमार की पालना झुलाई का आयोजन भी किया गया। स्वस्ति बहू मंडल द्वारा सजे सुंदर पालने को श्रद्धालुओं ने रेशम की डोर से भक्ति भाव के साथ झुलाया। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में दिगंबर जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया।

# स्वीमिंग पुल का लुफ्त उठा सकेंगे नगरवासीः मेवाड़ा

**आगामी माह में होगा शुभारंभ**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका द्वारा निर्मित स्वीमिंग पुल पूरी तरह नगरवासियों के मनोरंजन हेतु तैयार हो चुका है, वहीं वार्ड क्रमांक 16 में सुव्यवस्थित आंगनबाड़ी भी बन चुकी है। दोनों निर्माण कार्यो का निरीक्षण नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने पार्षद साथियों के साथ किया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि अटल कॉलोनी के पीछे स्थित निर्मित स्वीमिंग पुल जहां बनकर पूरी तरह तैयार है, वहीं वार्ड 16 जो कि क्षैत्रफल एवं जनसंख्या की दृष्टि से काफी बड़ा वार्ड है। वार्ड में पहले से आंगनबाड़ी भवन है, किंतु बड़ा वार्ड होने के कारण वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इन सभी के चलते परिषद ने एक अतिरिक्त आंगनबाड़ी भवन बनाने का निर्णय लिया था, अब आंगनबाड़ी भवन भी वार्डवासियों की सुविधा के लिए तैयार है। श्री मेवाड़ा ने बताया कि स्वीमिंग को प्रारंभ करने के लिए कार्यालयीन कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, जो अप्रैल माह में प्रारंभ हो जाएगा। साथ ही नगरवासियों के मनोरंजन को और बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीमिंग पुल परिसर में फूड जॉन, बॉस्केट बॉल, वालीवाल कोट सहित अन्य मनोरंजक गतिविधियां का विस्तार करने पर भी कार्य जारी है। नगरपालिका द्वारा परिषद के सहयोग से जहां मूलभूत सुविधाएं नागरिकों को पूरी तरह उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं नगरवासियों के मनोरंजन का भी ध्यान रखा जा रहा है। स्वीमिंग पुल के अभाव में ग्रीष्म ऋतु में मनोरंजन के लिए नगरवासियों को अन्यत्र जाना पड़ता था, अब नगर में ही स्वीमिंग पुल के निर्माण होने से आसानी से व अल्प राशि में स्वीमिंग पुल का लुत्फ नगरवासी उठा पाएंगे। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ वार्ड पार्षद रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, राजेश वर्मा सहित नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।



# स्वास्थ्य सेवाएंः सिविल अस्पताल में विधायक ने दो नई डायलिसिस मशीनों का अनावरण किया






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरूवार को विश्व किडनी दिवस के अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा डायलिसिस यूनिट सिविल अस्पताल में दो नई डायलिसिस मशीनों का अनावरण किया गया। जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक मरीजों को इसका लाभ प्राप्त हो सकेगा। साथ ही विधायक द्वारा किशोर बालिकाओं को सर्वाइकल केंसर से बचाव हेतु लगने वाली एचपीवी वैक्सीनेशन का निरीक्षण कर लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति प्रोत्साहित किया। इसके उपरांत विधायक द्वारा अस्पताल का राउंड लेकर प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की गई। उक्त कार्यक्रम में रोगी कल्याण समिति के सचिव एवं मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर, डायलिसिस यूनिट प्रभारी डॉ. भूपेन्द्र परमार और समस्त डायलिसिस यूनिट स्टाफ साथ ही रोगी कल्याण समिति के सदस्य व विधायक प्रतिनिधि उत्थान धारंवा, सुरेन्द्र जैन, सुशील जी संचेती आदि उपस्थित रहें।

# मेघावी विद्यार्थियों को मिली आरोहण स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरूवार को देवास–भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर प्रशासन द्वारा टोल कर्मचारियों के मेधावी बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025–26 के लिए आरोहण स्कॉलरशिप योजना के तहत डीबीसीपीएल के फंदा टोल प्लाजा पर टोल कर्मचारियों के मेधावी बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति में आरोहण स्कॉलरशिप राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना के अंतर्गत ऑल इंडिया स्तर पर टोल कर्मचारियों के 300 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें कक्षा 10वीं–12वीं के विद्यार्थियों को 12,000 तथा यूजी–पीजी के विद्यार्थियों को 50,000 की शैक्षणिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में फंदा टोल प्लाजा पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रोजेक्ट हेड अजय मिश्रा के नेतृत्व में तथा एमपीआरडीसी के चीफ इंजीनियर की उपस्थिति में चयनित विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ प्रोत्साहन स्वरूप चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पहल




केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि इस विश्वास का संदेश है कि किसी भी टोल कर्मचारी के बच्चे की शिक्षा पैसों के अभाव में रुकनी नहीं चाहिए। आरोहण स्कॉलरशिप वास्तव में बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने वाला एक प्रेरणादायक कदम है। इस मौके पर एमपीआरडीसी चीफ इंजीनियर सुनील वर्मा, डीएम एमपीआरडीसी सोनल सिंहा, एजी-एमएमपीआरडी सुनील जैन डीबीसीपीएल- सीएसआर टीम मेधावी बच्चों के अभिभावक आदि कई सम्माननीय उपस्थित थे।

# गंदे पानी की प्रदर्शनी लगा वर्मा ने बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वार्ड की समस्याओं को अनोखे ढंग से प्रदर्शित करने वाले वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा ने बुधवार को गंदे पानी की समस्या को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया।वर्मा ने वार्ड के अलग-अलग घरों से गंदे पानी के नमूने एकत्र कर उनकी प्रदर्शनी लगाई और नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।पार्षद प्रतिनिधि वर्मा ने बताया कि वार्ड में पिछले लगभग 20 दिनों से नलों में सीवेज मिला हुआ गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। इस दूषित जल वितरण के कारण आनंद ऋषि नगर और एलआईजी कॉलोनी सहित पूरे वार्ड के निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ गया है।वर्मा का कहना है कि गंदे पानी की समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने और जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए ही वार्डवासियों के घरों से पानी के नमूने लेकर यह सार्वजनिक प्रदर्शनी लगाई गई है।पार्षद प्रतिनिधि ने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। फिलहाल, वार्ड के निवासियों में जल की गुणवत्ता को लेकर भारी नाराजगी है और वे निगम की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# आलू के भाव ने तोड़ी किसान की कमर, इंदौर मंडी में 80 पैसा प्रति किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इस वर्ष आलू फसल का भाव किसानों को नहीं मिल पा रहा है। लगातार किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलू फसल में भारी नुकसान किसानों का हुआ है। लागत तो दूर की बात मंडी तक ले जाने का भाड़ा भी नहीं निकल रहा है। किसानों के यहां अभी भी आलू की फसल रखी हुई है, लेकिन मंडियों में कोई खरीदने को तैयार नहीं है। मंडी में आलू के भाव की बात की जाए तो 80 पैसा प्रति किलो में आलू बिक रहा है।

इससे आप अनुमान लगा सकते हैं कि किसान को कितना नुकसान इस फसल में हो रहा है। बुधवार को मिली जानकारी अनुसार इंदौर मंडी में एक किसान का आलू 80 पैसा प्रति किलो के हिसाब से बिका, तो वहीं एक किसान का आलू 2 रूपया प्रति किलो से बिका, जिसमें लागत व मेहनत तो दूर इंदौर तक ले जाने का भाड़ा भी नहीं निकल पाया। किसान अलकेश धनगर ने बताया कि इंदौर मंडी में आलू फसल खरीदने को तैयार नहीं है। महंगा बीज,दवाई लेकर फसल तैयार की, जब बैचने का समय आया तो भाव नहीं मिल रहा है। इस बार किसान की आलू फसल ने कमर तोड़ दी है।

किसान कमलेश धनगर ने दो लाट में कुल 72 कट्टे आलू इंदौर मंडी भेजे थे, जिसके हम्माली,भाडा काटकर मात्र 350 रुपए ही हाथ लगे, जिसमें एक 67 कट्टे का लाट मात्र 80 पैसा व एक दो रूपये किलो बिका है। वहीं दुसरे किसान को 86 कट्टे भेजे थे, जिसके किसान को मात्र 4320 ही हाथ लगे। गलत निर्यात निती के कारण किसानों को फसलों का भाव नहीं मिल रहा है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

# शासन की योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों को मिलेः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, असिस्टेंट जनरल मैनेजर आरबीआई भोपाल रोशनी हजेला, एलडीएम प्रकाश केवलरमानी, उद्योग विभाग, कृषि, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, एनआरएलएम, आरसेटी सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रमुख एवं विभिन्न बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी विभागों को लक्ष्य अनुरूप ऋण आवेदनों को जमा करने तथा बैंकों को आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा, शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के विभिन्न पोर्टलों पर लंबित आवेदनों को शीघ्र निराकृत करने पर जोर दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0(शहरी) में सभी पात्र नागरिकों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0(शहरी) के तहत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम (ISS) आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम आय वाले परिवारों को घर खरीदने या बनाने के लिए बैंक ऋण पर ब्याज की छूट प्रदान करती है। योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर पात्र नागरिकों को योजना का लाभ दें।



कलेक्टर ने पीएमएफएमई योजना, पशु एवं मत्स्य केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री पथ विक्रेता योजना, स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्व सहायता समूहों का लिंकेज, मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, सावित्रीबाई फुले स्व सहायता समूह विकास योजना, जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री किसान निधि के लाभान्वित सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं में आवेदनों के अनुमोदन एवं संवितरण की बैंकवार जानकारी ली गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंक प्रबंधकों से अनुमोदन एवं संवितरण में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ऋतुराज ने कहा कि शासन की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर पालिका एवं नगर परिषद में प्राप्त आवेदनों को शीघ्र अनुमोदित किया जाये ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का शीघ्र लाभ मिल सकें।

# बागली एसडीओपी भार्गव को भेजा पीएचक्यू भोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



लंबे समय बाद बागली एसडीओपी को विभागीय कार्रवाई के चलते पीएचक्यू भोपाल भेजा गया है।नवंबर 2025 में साइबर ठगी मामले में तत्कालीन पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी व कमलापुर थाना प्रभारी को आरोपियों को संरक्षण देकर 35 लाख रुपए का लेनदेन करने का मामला सामना आया था, जिसमें पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी एवं कमलापुर थाना प्रभारी को निलंबित किया था। शिकायत के बाद इस पूरे मामले की जांच कि गई थी, जिसमें बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव का भी नाम उक्त मामले में आया था। ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन की जांच रिपोर्ट तैयार होने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भोपाल भेजी गई थी। इसके बाद विभाग द्वारा कार्रवाई की गई और उसी के चलते बागली सृष्टि भार्गव को पीएचक्यू भोपाल भेजा गया है। उनकी जगह नए एसडीओपी के रूप में संजय सिंह बैस को भेजा गया है। भार्गव लंबे समय से बागली एसडीओपी के रूप में बागली में रही है। हालांकि क्षेत्र को इन कि पुलिसिंग का लाभ नहीं मिल पाया है। सुत्रो से मिली जानकारी अनुसार राजनीति हस्तक्षेप के कारण उक्त कार्रवाई में इतना समय भार्गव के खिलाफ कार्रवाई करने में विभाग को लगा है।